Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Driving Training Centre and Automated Inspection and Certification Centre in Meerut, Uttar Pradesh-laid.

श्री राजेंद्र अग्रवाल (मेरठ): भारत सरकार द्वारा ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान तथा निरीक्षण एवं प्रमाणन केंद्रों की स्थापना की जाती है। गत 6 वर्षों में सरकार द्वारा देशभर में चार ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान तथा छह निरीक्षण और प्रमाणन केंद्र स्थापित किए गए परंतु एक भी केंद्र उत्तर प्रदेश में स्थापित नहीं किया गया। कानपुर, रायबरेली और लखनऊ में यह केंद्र मौजूद हैं, परंतु उत्तर प्रदेश की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए उत्तर प्रदेश में इस प्रकार के अन्य केंद्र स्थापित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। मेरठ पश्चिम उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण केंद्र है जहां इस केंद्र को स्थापित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह मेरठ में ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान तथा ऑटोमेटेड निरीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र स्थापित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी आवश्यकता अनुसार इस प्रकार के केंद्र स्थापित करने की व्यवस्था करें।